# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 05.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना मझोला:-





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 04.04.2024 को उ0नि0 श्री पवन कुमार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी कासिम पुत्र नसीम अहमद निवासी गुलड वाली मस्जिद थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ तथा दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार थाना मझोला मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी विनय कुमार पुत्र ज्ञानी निवासी पेपटपुरा थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मझोला पर आरोपी कासिम उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 269/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट व आरोपी विनय कुमार उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 270/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है

## 2- अवैध चाकू के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्स:-




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 04.04.2024 को हे0का0 अमित कुमार थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी अमर पुत्र तेज प्रकाश निवासी सूर्य नगर पीतल बस्ती थाना कटघर मुरादाबाद को अवैध एक चाकू एवं उ0नि0 भीमसैन थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद द्वारा आरोपी अरमान उर्फ गुड्डू पुत्र शहादत निवासी मौ0 कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर आरोपी अमर उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 312/2024 धारा- 4/25 आर्मस एक्ट व आरोपी अरमान उर्फ गुड्डू उपरोक्त के विरद्ध मु0अ0सं0- 316/2024 धारा- 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**3- मारपीट व जान से मारने की नियत से फायर करने का आरोपी अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार थाना छजलैटः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 31.03.2024 को वादी क्षेत्रान्तर्गत थाना छजलैट ने आरोपीगण द्वारा वादी के भाई के साथ गाली गलौच /मारपीट व जान स  मारने की नियत से फायर कर देने जिससे वादी का भाई घायल हो जाने के संबंध में थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मु0अ0सं0- 69/2024 धारा- 323/307/504/34 भादवि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 ईसार अहमद थाना छजलैट द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी कपिल पुत्र महीपाल सिंह निवासी ग्राम संदलीपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद को मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त अवैध एक तमंचा व एक कारतूस, एंव एक खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**4-अवैध तमंचा-कारतूस व चरस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना मैनाठेर:-**





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो, शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 कुलदीप कुमार थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी चाँद आलम पुत्र स्व0 बाबू निवासी ग्राम गुरेर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ एवं उ0नि0 संजीव त्रिपाठी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद के द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी गुलाम नवी पुत्र फरीद कुरैशी निवासी ग्राम लालपुर गंगवारी थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को अवैध 1 किलो 100 ग्राम चरस के साथ के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर आरोपी चाँद आलम उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 111/2024 धारा-3/25 आर्मस एक्ट, आरोपी गुलाम नवी के विरुद्ध मु0अ0सं0- 112/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**5-गैंगस्टर एक्ट का 01 वांछित आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 06.03.2024 को प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा सुसंगठित गिरोह बनाकर जघन्य अपराध कारित कर आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ प्राप्त कर अवैध धन आदि एकत्रित करने के संबंध में थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 89/2024 धारा- 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधीयो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 योगेश कुमार शुक्ला थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी लईक पुत्र रफीक निवासी मौ0 चक स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**6-बैंटरा चोरी के 02 आरोपी अवैध तमंचा व चाकू के साथ गिरफ्तार थाना भोजपुरः-**



अवगत कराना है कि दिनांक 07.03.2024 को वादी प्रभाकर शर्मा पुत्र रामशरण शर्मा निवासी मंगल पांडे नगर जनपद मेरठ (रिलांयस कंपनी टावर मैनेजर) ने अज्ञात चोरो द्वारा ग्राम गौहरपुर सुल्तानपुर थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित रिलांयस कंपनी के टावर से 02 बैट्री चोरी कर लेने के संबध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 91/2024 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। साक्ष्यो के आधार पर आरोपीगण 1.सतीश पुत्र जसवन्त निवासी ग्राम जनकपुरी थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा, 2. राकेश पुत्र जयपाल निवासी ढकिया गुलाब चौकी कुण्डेश्वरी थाना ITI जनपद रूद्रपुर के नाम प्रकाश में आये। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 अमित कुमार थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण सतीश व राकेश उपरोक्त को अवैध तमंचा-कारतूस व चाकू एंव चोरी की मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरी की मोटर साईकिल के संबंध में थाना धामपुर जनपद बिजनौर पर अभियोग पंजीकृत होना पाया गया। तथा टावर से चोरी बैटरी के 3280/-रु0 बरामद किये गये। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि व 3/4/25 आर्मस एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**7- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 05.04.2024 को उ0नि0 ओमपाल सिंह थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी निर्मल उर्फ़ बीरा पुत्र मनोहर सिंह निवासी ग्राम करावर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ एंव आरोपी दानवीर पुत्र रोहन सिंह निवासी ग्राम करावर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना बिलारी पर आरोपी निर्मल उर्फ़ बीरा उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 191/2024 धारा- 3/25 आर्मस एक्ट व आरोपी दानवीर उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 193/2024 धारा- 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।